FRHS INDIA
Children by choice, not chance

मिनी-क्लिनिकल आउटरीच टीम (मिनी-कौट)

समुदायों के लिए सेवाओं को उपलब्ध कराना

फाउंडेशन फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेस इंडिया (एफआरएचएस इंडिया) एमएसआई रिप्रोडक्टिव च्वाइसेस की एक सहयोगी संस्था है। मिनी–क्लिनिकल आउटरीच टीम (मिनी–कौट) के माध्यम से हम महिलाओं को उनके घर के आस–पास ही परिवार नियोजन संबंधी जानकारी और सेवाएं प्रदान करते हैं। मिनी–कौट तीन सदस्यों वाली मोबाइल टीम है जो सहायक पर्यवेक्षण और काम के दौरान सलाह देकर (ऑन–द–जॉब मेंटरिंग) उप–केंद्र (सब–सेंटर) में तैनात नर्स मिडवाइफ (एएनएम) को भी सक्षम बनाता है ताकि एएनएम स्वतंत्र रूप से काम करने योग्य बन सके।

वर्ष 2020 में, हमारे मिनी–कौट ने अपनी सेवाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। महामारी के समय, रूकावटों के बावजूद भी वे क्लाइंट को सेवाओं से जुड़ी जानकारी और परामर्श प्रदान करते रहे एवं उनके संपर्क में रहे। कोविड के समय में उनकी दृढता और क्लाइंट–केंद्रीयता की वजह से ही हम ज़रूरतमंदों को आवश्यक परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने में सफल रहे।

पृष्ठभूमि

ग्रामीण इलाकों में युवा महिलाएं और किशोरियां परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य जानकारी एवं सेवाओं का लाभ नहीं उठा पातीं क्योंकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तक उनकी पहुंच सीमित होती है। उनके घरों के आस–पास स्थित स्वास्थ्य उप–केंद्र अक्सर अलग–अलग कारणों जैसे प्रशिक्षित कर्मियों की कमी और अपर्याप्त उपकरण आदि की वजह से सेवाएं देने की स्थिति में नहीं होते।

मिनी-कौट कैसे काम करते हैं?

मिनी–कौट तीन सदस्यों वाली मोबाइल टीम है। टीम के सभी सदस्य परिवार नियोजन के स्पेसिंग मेथड (अंतराल की विधियों) में प्रशिक्षित और प्रवीण होते हैं। टीम स्वास्थ्य उप–केंद्र पर सेवाएं प्रदान करती है। स्वास्थ्य उप–केंद्र का चुनाव जिला अधिकारियों के परामर्श से किया जाता है। एक निर्धारित दिन, मिनी–कौट की टीम मुख्यालय से चुने गए उप–केंद्रों पर जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्थानीय लोगों को इस टीम के आने के बारे में पहले से ही जानकारी दे देते हैं।

टीम की संरचना

तीन सदस्यों वाले मिनी–कौट में होते हैं:

- नर्स
- काउंसलर
- ड्राइवर–सह–सहायक

मिनी-कौट द्वारा दी जाने वाली सेवाएं

मिनी–कौट प्रजनन स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन संबंधी कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करती हैं, जिनमें शामिल हैं:

- कॉपर टी (5 वर्ष एवं 10 वर्ष)
- कॉपर टी सेवा लेने वाली महिलाओं का फॉलो–अप और रेफरल
- परिवार नियोजन परामर्श, प्रसव पश्चात परिवार नियोजन काउंसलिंग
- आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां
- जिन क्लाइंट को स्थायी विधियों की ज़रूरत है, उनके लिए रेफरल
- गर्भनिरोधक गोलियां
- कंडोम

हमारी पहुंच

7	10	234
टीमें सेवा प्रदान कर रही हैं	जिले कवर किए जा रहे हैं	इलाके कवर किए जा रहे हैं

क्लाइंट को उपलब्ध कराई गई सेवाएं

4,410 महिलाओं को कॉपर टी सेवा प्रदान की

14,567 कपल इयर्स ऑफ प्रोटेक्शन

सेवाओं की गुणवत्ता

क्लाइंट की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि

- क्लिनिकल गवर्नेंस
- तकनीकी क्षमता
- व्यावसायिक मानकों का पालन

भारत सरकार और एमएसआई रिप्रोडक्टिव च्वाइसेस क्लिनिकल मानकों के अनुसार सक्षम प्रदाताओं द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती है।

टेलीफोन के माध्यम से सेवा प्रदान करने के 24–36 घंटों के भीतर क्लाइंट के हाल की समीक्षा की जाती है और उनकी संतुष्टि का स्तर पता करने के लिए वार्षिक क्लाइंट एग्ज़िट सर्वे कराए जाते है।

टीम के सभी सदस्यों का वार्षिक योग्यता आंकलन होता है।

एमएसआई रिप्रोडक्टिव च्वाइसेस द्वारा वार्षिक गुणवत्ता तकनीकी मूल्यांकन किया जाता है।

राष्ट्रीय और राजकीय चिकित्सा सलाहकार टीमें, गुणवत्ता मानकों की समीक्षा करती हैं, ट्रेनिंग आयोजित करती हैं और जटिलता प्रबंधन पर नज़र रखती है।

इन्फेक्शन प्रिवेंशन, मेडिकल इमरजेन्सी मैनेज़मेंट और परामर्श जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नियमित रूप से रिफ्रेशर ट्रेनिंग और सहायक पर्यवेक्षण दिया जाता है।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: info@frhsi.org.in

मुख्यालय: बी–37, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली – 110049 | फोन: +91 11 49840000 | वेबसाइट: www.frhsi.org.in

हमें फॉलो करें: @FoundationforReproHealthServicesIndia | Foundation for Reproductive Health Services India